Title: Regarding killing of tribals in the Purnia District of Bihar.

श्री राम विलास पासवान : सर, मुझे कहने तो दीजिए कि मामला क्या है। मैंने एडजर्नमैंट मोशन का नोटिस दिया है। बिहार के पूर्णिया में कम से कम दर्जनों ट्राइबल्स लोगों की हत्या कर दी गई है। उनको जला दिया गया है, उनके बच्चों और औरतों को जला दिया गया है, उनके घरों को जला दिया गया है, एक मुसलमान को भी जला दिया गया है। वहां स्थिति बहुत टैन्स है, काफी गंभीर है। मैं चाहता हूं कि वहां और टेन्शन न फैले इसके लिए सदन में या तो होम मिनिस्टर स्टेटमेंट दें या हम लोगों को कोई दूसरा मोशन -- कालिंग अटेन्शन या किसी अन्य माध्यम से इस मामले पर यहां डिस्कशन करना चाहिए जिससे कि वहां सामान्य स्थिति कायम हो सके। वहां जिस तरह का टेन्स वातावरण हो गया है और हर पार्टी के लीडर्स वहां जा रहे हैं, वहां स्थिति काफी भयावह है और उस भयावह स्थिति को शांत करने का काम भारत सरकार और राज्य सरकार का है। वहां स्थिति काफी विस्फोटक है, यही मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं।

>

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी : उपाध्यक्ष महोदय, वहां बिहार सरकार ने सारे मैज़र्स लिये हैं। वहां पर

... (व्यवधान)

>

>

डा. विजय सोनकर शास्त्री : इस मामले पर बिहार सरकार को बर्खवास्त करने की बात होनी चाहिए।

>

*m0>3>

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) (बिहार): बिहार सरकार को बर्खवास्त करने के सिवाय और कोई चारा नहीं है।

>

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी : उपाध्यक्ष महोदय, वहां पुलिस ने पूरी व्यवस्था कर दी है। जो लोग घायल हुए हैं, उनका इलाज हो रहा है। जो मारे गए हैं, उनको एक-एक लाख रुपये देने का ऐलान कर दिया गया है। केसेज़ नोट कर लिये गये हैं, गिरफ्तारियां हो रही हैं। ये लोग बेमतलब के सवाल को यहां उठाते हैं। यह मामला बिहार की विधान सभा में उठना चाहिए। ये इसे यहां उठा रहे हैं।

... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठिए।

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी : जो दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है। वहां गिरफ्तारी हो रही है। बिहार सरकार सारे कदम उठा रही है। ये लोग बिहार सरकार को बर्खास्त करने के लिए इस प्रकार की साजिश कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। बिहार सरकार ठीक कार्य कर रही है।